मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-402
23/11/2024

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन का किया शिलान्यास

पटना, 23 नवम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इस परियोजना का कुल क्षेत्रफल छह लाख सात हजार छह सौ वर्गफीट है और इसकी लागत 212.86 करोड़ रूपये होगी। इस परियोजना के निर्माण की कार्यावधि 24 माह होगी और इस परियोजना का क्रियान्वयन बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जायेगा। इस दौरान अधिकारियों ने साइट प्लान मैप के माध्यम से निर्मित होने वाले पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय बख्तियारपुर, पटना के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात् बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के ऊपरी तल पर जाकर आसपास के इलाकों का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां तक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस इलाके को बख्तियारपुर फोरलेन से जोड़ने के लिए निर्माणाधीन एलिवेटेड सड़क एवं सर्विस रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद स्थानीय लोगों के साथ–साथ बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय परिसर में आनेवाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी।

ज्ञातव्य है कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की स्थापना 18 मार्च 2018 को हुई थी। पटना एवं नालंदा के सभी कॉलेज (पटना विश्वविद्यालय से जुड़े सभी महाविद्यालयों को छोड़कर) पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। विश्वविद्यालय का 25 घटक महाविद्यालयों, 2 सरकारी महिला महाविद्यालयों एवं 3 अल्पसंख्यक महाविद्यालयों तथा कई संबद्ध महाविद्यालयों पर नियंत्रण है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******